राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार
परिवहन विभाग
5/9, अण्डर हिल रोड़, दिल्ली – 110054

सं. एफ 19(04)/परि०वि०/सचि० शा०/2019/26217 दिनांक : 26/03/2022

सेवा में,

उप–सचिव (प्रश्न),
दिल्ली विधान सभा सचिवालय,
पुराना सचिवालय, दिल्ली – 110054

<u>विषय :– दिनांक 29/03/2022 को सदन की बैठक में लिए जाने वाले अतांराकित प्रश्न संख्या 177</u>

महोदय,

आपके पत्र के संदर्भ में उपरोक्त प्रश्न के उत्तर की 100 प्रतियॉ संलग्न है।

यह उत्तर माननीय परिवहन मंत्री के पूर्व अनुमोदन से जारी हुआ है।

(विकास जैन)
पीसीओ (सचि०)

विभाग का नाम	–	परिवहन विभाग, दिल्ली सरकार
विभाग का पता	–	5/9, अंडर हिल रोड, दिल्ली – 110054
अतारांकित प्रश्न संख्या	–	177
सदस्य का नाम	–	श्री पवन शर्मा
दिनांक	–	29.03.2022

क्या माननीय परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क. सं.	प्रश्न	उत्तर
क	डीटीसी के बेड़े में कुल कितनी बसें हैं, फ्यूल टाईप के हिसाब से विवरण दें तथा डीटीसी की बसों पर प्रति किलो मीटर पर कितना परिचालन खर्च आता है;	दिनांक 21.03.2022 को दिल्ली परिवहन निगम के बेड़े में कुल 3762 बसें हैं जिनका फ्यूल टाईप के हिसाब से विवरण निम्न प्रकार से है:– सी.एन.जी. बसें = 3760 इलैक्ट्रिक बसें = 02 कुल बसें = 3762 वर्ष 2020–21 में दिल्ली परिवहन निगम की बसों में परिचालन का खर्च 106 रूपये प्रति किलोमीटर हुआ।
ख	डीटीसी विभाग में कुल कितने स्थाई व अस्थाई कर्मचारी हैं तथा प्रति बस कितने कर्मचारी नियोजित होते हैं;	दिल्ली परिवहन निगम में दिनांक 21.03.2022 तक कुल स्थाई कर्मचारियों की संख्या 7715 एवं कुल अनुबंधित कर्मचारियों की संख्या 22809 है तथा दिल्ली परिवहन निगम के बोर्ड के द्वारा स्वीकृत Resolution No. 48/2013 के item No. 29/2013 की बैठक दिनांक 09.04.2013 लिए गए निर्णय के अनुसार प्रति बस 6.75 कर्मचारी नियोजित है।
ग	डीटीसी की बसों में कुल कितने मार्शल लगाए गए हैं तथा क्या ये मार्शल उपरोक्त डीटीसी कर्मचारियों की कुल संख्या में सम्मिलित हैं;	दिनांक 21.03.2022 को डीटीसी की बसों में कुल मार्शलों की संख्या 9181 हैं। मार्शल कैटेगरी के कर्मचारियों को उपरोक्त डीटीसी कर्मचारियों की कुल संख्या में सम्मिलित नहीं किया गया है।
घ	डीटीसी की कितनी बसों में सीसीटीवी कैमरे और कितनी बसों में पैनिक बटन लगे हैं तथा कितनी बसों में सीसीटीवी कैमरे और पैनिक बटन नहीं लगे हैं;	डीटीसी की 3697 बसों में सीसीटीवी कैमरे और पैनिक बटन लगे हैं और 43 बसों में सीसीटीवी कैमरे और पैनिक बटन नहीं लगे हैं।
ङ.	जिन बसों में सीसीटीवी कैमरे और पैनिक बटन नहीं लगे हैं, उनमें कब तक ये उपकरण लगा दिए जाएंगे;	जिन 43 डीटीसी बसों में सीसीटीवी कैमरे और पैनिक बटन नहीं हैं, उनके लिए परिवहन विभाग, दिल्ली में मामला विचाराधीन है।
च	क्या सरकार द्वारा डीटीसी को होने वाले अनुमानित औसत 1550 करोड़ के वार्षिक नुकसान को कम करने के लिए किसी प्रकार का कोई सर्वे, स्टडी या योजना बनाई गई है; और	निगम की असमान किराया संरचना सामाजिक दायित्वों पर समाज के विभिन्न वर्गों के लिये कई तरह के रियायती भुगतान जारी करने व मानव/सामग्री इनपुट लागत की कीमतों में वृद्धि के कारण जो भी नुकसान होता है वह दिल्ली सरकार द्वारा अनुदान के रूप में दिल्ली परिवहन निगम को उपलब्ध कराती है।
छ	यदि हॉ, तो उसका विस्तृत विवरण दें?	उपरोक्त च के अनुसार।

इसकी स्वीकृति सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त कर ली गई है।

(आशीष कुन्द्रा)
प्रधान सचिव सह आयुक्त परिवहन

ASHISH KUNDRA, IAS
Pr. Secretary-Cum-Commissioner (Tpt)
Transport Department,
GNCT of Delhi
5/9, Under Hill Road, Delhi-110054